सड़क, पीने के पानी और सिवर लाइन के लिए दिया धरना

बीकानेर(निसं)। स्थानीय निकाय प्रकोष्ठ के वार्ड नम्बर 21 के अध्यक्ष बिलाल अहमद ख़िलजी के नेतृत्व में वार्ड नंबर 21 की जन समस्याओं को लेकर धरना दिया गया स्थानीय निकाय प्रकोष्ठ के शहर जिला अध्यक्ष हसन अली गोरी ने बताया कि धरने में वार्ड नंबर 21 बंगला नगर में सड़क, सिवर लाइन और पीने के पानी की पाइपलाइन का जुडाव नहीं है और साफ सफाई आदि की समस्याओं के लिये जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया। आज के धरना प्रदर्शन में पूर्व महापौर मकसूद अहमद, नितिन वत्सस, राहुल जादू संगत, इशाक अली एडवोकेट, उपेन्द् श्रीमाली, हरिकिशन जाट,इमरान सैयद,अयूब अली, चंद्रशेखर चांवरिया, कामराज गोयल, शाह,अब्दुल हमीद गो़री,सैय्यद वली मो,खेरदिन राठौड़,सिकन्दर राठौड़, शबनम बानो, इस्माइल ख़िलजी, रोहित वाल्मीकि, भागीरथ सुथार, अब्दुल लतीफ साइ, आमीन साइ, कालूराम नायक, एडवोकेट मकबूल खान भोमाराम नायक मनोज नायक मनीष जाट, रोहित रविंद्र वाल्मीकि बुलाकी सुथार, मोहम्मद इस्ल्राम खिलजी, नंदलाल नायक, नरपत सिंह राजवी, सैयद सद्दाम हुसैन, सद्दाम हुसैन गोरी,असद अली गोरी, जबरूद्दीन गौरी, बरकत खिलजी, मुस्तफा खिलजी, अशरफ साईं, इमरान एडी, आदि मौजूद रहे।

विधि विद्यार्थी समाज के प्रत्येक वर्ग को विधि के प्रति जागरूक करने हेतु कार्य करें: राजवी

■ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

बीकानेर, (निसं)। ब.ज.सि. रामपुरिया जैन विधि महाविद्यालय सभागार में आज महाविद्यालय की रासेयो की दोनों ईकाइयों एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य रालसा द्वारा किए जा रहे नवाचार न्याय आपके द्वारा-लोक उपयोगिता से विधि विद्यार्थियों को अवगत करवाते हुए समाज में प्रसारित करना था। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती मांडवी राजवी थे।

श्रीमती राजवी ने स्वयंसेवकों तथा विद्यार्थियों से आव्हान किया कि वे विधि विद्यार्थी होने के नाते समाज के प्रत्येक वर्ग को विधि के प्रति जागरूक करने हेतु कार्य करे और इस हेतु रालसा का यह नवाचार बहुत उपयोगी साबित हो सकता है। उन्होंने लोक अदालत के जरिए होने वाली कार्यवाही के बारे में विद्यार्थियों को अवगत करवाया। श्रीमती राजवी ने विद्यार्थियों को बताया कि किस प्रकार लोक अदालत के माध्यम से आम जन को सस्ता, सुलभ एवं त्वरित न्याय मिल सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि आज के समय में पढे लिखे लोग भी विधिक प्रावधानों की जानकारी के अभाव में अपने अधिकारों से वंचित हो रहे है। उन्होंने विद्यार्थियों से आ ान किया कि विधि विद्यार्थी होने के नाते सभी स्वयंसेवकों का समाज के प्रति यह दायित्व है कि वे इस प्रकार के कार्यक्रमों तथा प्रावधानों के प्रति पहले स्वयं सजग होकर और समाज में प्रेरणा प्रदान करने कार्य करे। इससे पूर्व महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनन्त जोशी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती मांडवी राजवी ने माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजली के द्वारा कार्यक्रम की शुरूआत की।

इसके पश्चात अपने स्वागतीय उद्बोधन में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जोशी ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तथा रालसा का धन्यवाद दिया तथा अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन से विधि विद्यार्थियों को प्रेरणा मिलती है तथा वे आगे समाज में जाकर पीडित तथा वंचित व्यक्तियों को अपने विधिक तथा संवैधानिक अधिकारों के बारे में जागरूक कर सकते है।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अतिथियों से प्रश्नों के माध्यम से अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया। कार्यक्रम के अन्त में महाविद्यालय परिवार द्वारा स्मृति चिन्ह के रूप में भारतीय संविधान की प्रस्तावना की प्रति अतिथियों को प्रदान की।कार्यक्रम में महाविद्यालय के व्याख्याता डॉ. बालमुकुन्द व्यास, डॉ. प्रीति कोचर, डॉ. पीयूष किराडू, चेतना ओझा, राजश्री सुथार, राकेश रंगा, रासेयो स्वयंसेवक तथा महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित थे।कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की व्याख्याता श्रीमती सुनीता लूणिया ने किया तथा श्रीमती चेतना ओझा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

सार-समाचार

स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई

बीकानेर(निसं)। राजकीय डूंगर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थानीय इकाई द्वारा आज अल्पसंख्यक कल्याण दिवस मनाया गया, और स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में जिला समन्वयक डॉ घनश्याम बीठू , कार्यक्रम अधिकारी इकाई द्वितीय डॉ प्रकाश गर्ग, इकाई चतुर्थ डॉ रविकांत व्यास , इकाई प्रथम डॉ पूजा कस्वां आदि उपस्थित रहे। डॉ रविकांत व्यास ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया तथा कार्यक्रम का संचालन किया। डॉ घनश्याम बीठू ने स्वयंसेवकों को राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की ।डॉ प्रकाश गर्ग ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय एकता की भावना को बनाए रखने हेतु प्रेरित किया। डॉ पूजा कस्वां ने बालिकाओं के लिए विशेषता चलने वाली जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी तथा सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

बाल वाहिनियों की आकस्मिक चैकिंग की

बीकानेर(निसं)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव तथा अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश मांडवी राजवी ने गुरुवार को गंगाशहर रोड पर बाल वाहिनियों को रुकवाकर वाहनों की आकस्मिक जांच की। बाल वाहिनियों में स्कूली बच्चों की सुरक्षा से जुड़े पुख्ता इंतजाम नहीं मिले। ज्यादातर वाहनों में क्षमता से अधिक बच्चों को बिठाया हुआ पाया गया, जिससे किसी हादसे की संभावना रहती है। ज्यादातर बाल वाहिनियां नियम विरू॰द्ध चलती पाई गई। गेट के लॉक टूटे हुए थे। चालकों के पास ड्राईवर के वैध लाईसेंस व पहचान दस्तावेज पूर्ण नहीं थे। कई वाहनों पर नम्बर अंकित नहीं थे। विभिन्न अधिकारियों द्वारा वाहनों को सीज कर चालान काटे। मौके पर मिली एक स्कूल बस को परिवहन विभाग द्वारा चैक किया गया तो उसमें कई कमियां पाई गई। निरीक्षण के दौरान, संजीव चौधरी, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, क्षेत्रीय परिवहन पुलिस व ट्रेफिक पुलिस स्टाफ इत्यादि उपस्थित रहे।

घड़साना के गांव फुलेवाला में बीएलओ से मारपीट

घड़साना(निसं)। यहा फुलेवाला गांव में शिक्षा विभाग के बीएलओ डूंगरराम के साथ मारपीट की घटना सामने आई है। महेंद्र गोस्वामी नामक व्यक्ति स्कूल परिसर में पहुंचा और डूंगरराम के साथ गाली-गलौज करने लगा। बात बढ़ने पर उसने हाथापाई भी की। स्कूल में मौजूद अन्य लोगों ने तुरंत बीच-बचाव कर स्थिति को संभाला। डूंगरराम ने बताया कि यह विवाद स्कूल से जुड़ी पुरानी रंजिश के कारण हुआ है। घटना की सूचना तत्काल घड़साना पुलिस को दी गई है। इस पूरे मामले को लेकर फुलेवाला गांव के लोगों में रोष है और वे प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

नापासर थाना अधिकारी लक्ष्मण सिंह सुथार को विदाई

नापासर(निसं)। यहा थाना अधिकारी लक्ष्मण सिंह सुथार को रात सुथार समाज द्वारा विदाई दी गई। यह समारोह देशनोक रोड स्थित श्री विश्वकर्मा मंदिर में आयोजित किया गया। उन्हें शॉल, साफा और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। समाज के गणमान्य नागरिकों ने उनके उत्कृष्ट और जनसमर्पित कार्यकाल की सराहना की। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजन मालचंद छडिया, सीताराम सुथार, कालूराम सुथार, सामाजिक कार्यकर्ता दमालाल झवर, मोहन सुथार, रामलाल सुथार, मेघराज सुथार, भंवरलाल माडण, घनश्याम सुथार, मुकेश सुथार और दुलीचंद सुथार उपस्थित रहे। थाना अधिकारी लक्ष्मण सिंह सुथार ने नापासर की जनता से मिले सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि नापासर के लोगों का साथ उन्हें हमेशा याद रहेगा। सुथार ने बताया कि उनकी नई पोस्टिंग व्यास कॉलोनी में हुई है। नापासर नगरपालिका के पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि रामरतन सुथार ने लक्ष्मण सुथार को कर्तव्यनिष्ठ और ईमानदार अधिकारी बताया। उन्होंने कहा कि सुथार ने नापासर में कानून-व्यवस्था मजबूत करने, महिला सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण

उत्तर पश्चिम रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से मुख्य कारखाना प्रबंधक, कैरिज एवं वैगन कारखाना, उ. प. रेलवे, बीकानेर द्वारा खुली ई-निविदा सूचना संख्या : 07R-MECH-BKNW-IMTE-25 निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है । **1.कार्य का नाम** : कैरिज एवं वैगन कारखाना, उ.प.रेलवे, बीकानेर में मास्टर/फील्ड आईएमटीई के कैलिब्रेशन का कार्य। **2 कार्य की अनुमानित लागत** : रु. 15,28,526.36 (जीएसटी सहित) **3.बयाना राशि** : रू.30,600.00 **4. ई-निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं खुलने का समय व दिनांक** : 09.12.2025 को 14:30 बजे तक। ई -निविदा उसी दिन 15:00 बजे खोली जाएगी। **5. वेबसाइट विवरण जहाँ से ई-निविदा की पूर्ण जानकारी देखी जा सकती है** : www.ireps.gov.in

1492-DR/25

हमें /NWRailways @NWRailways_पर फॉलो करें

श्रीविजयनगर में रेहड़ी वालों के काटे चालान

श्रीविजयनगर(निसं)। शहर में यातायात जाम की समस्या से निपटने के लिए पुलिस और स्थानीय प्रशासन ने संयुक्त अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत अवैध पार्किंग और सड़क पर अतिक्रमण करने वाले रेहड़ी-खोखा संचालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। शहर में स्कूलों की छुट्टी के समय और बाजारों में भीड़भाड़ के कारण अक्सर यातायात बाधित होता है। अव्यवस्थित पार्किंग और सड़क पर लगी रेहडि़यों के कारण स्कूली बच्चों, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों को आवागमन में विशेष परेशानी का सामना करना पड़ता था। थाना अधिकारी के निर्देश पर पुलिस टीम ने मुख्य बाजार, सब्जी मंडी, इंदिरा मार्केट और संहिता रोड जैसे भीड़भाड़ वाले इलाकों में विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान अवैध रूप से वाहन पार्क करने वाले आधा दर्जन दोपहिया और चौपहिया वाहन चालकों के चालान काटे गए।

850 महिलाओं ने एक-साथ घूमर कर बनाया एशिया-रिकॉर्ड

■ 18 मिनट तक एक ही ट्रैक पर किया नृत्य, भाजपा शहर-अध्यक्ष के भी थिरके कदम

बीकानेर(निसं)। डॉ. करणी सिंह स्टेडियम में बुधवार देर रात एक साथ साढ़े आठ सौ महिलाओं ने घूमर नृत्य किया। प्रदेश के सभी सात संभाग मुख्यालयों पर हुए इस अनूठे आयोजन ने एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड भी बनाया है।

बीकानेर में आयोजित संभाग स्तरीय घूमर महोत्सव में 850 महिला प्रतिभागियों ने 18 मिनट के एक ही ट्रैक पर एक साथ घूमर किया। लय, ताल और एकरूपता से भरा यह प्रदर्शन राजस्थान की सांस्कृतिक गरिमा का अनूठा प्रदर्शन रहा। आयोजकों के अनुसार प्रतिभागियों की संख्या और अधिक हो सकती थी, लेकिन गुरुवार से शुरू हो रही हाफ-इ्यरली परीक्षाओं के कारण स्कूली बच्चों ने हिस्सा नहीं लिया। बीकानेर में घूमर नृत्य में प्रतिभागियों की संख्या बढ़ सकती थी लेकिन गुरुवार से हाफ इ्यरली एग्जाम शुरू होने के कारण स्कूली बच्चों ने रुचि नहीं ली।

प्रदेश के सभी सातों संभाग मुख्यालयों पर हुए इस घूमर आयोजन ने एक साथ सबसे ज्यादा प्रतिभागियों के प्रदर्शन का एशिया रिकॉर्ड बनाया। बीकानेर का आयोजन भी इसी श्रृंखला का हिस्सा रहा जिसने रिकॉर्ड में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम की शुरुआत किशनगढ़ से आए डांस ग्रुप की प्रस्तुति से हुई। घूमर महोत्सव की कोरियोग्राफर मानसी सिंह पंवार ने 'सुंदर गौरी रे' लोकगीत पर भव्य नृत्य प्रस्तुत किया। वर्षा सोनी ने भवई नृत्य की प्रस्तुति दी जिसने दर्शकों का मन मोह लिया। खाजूवाला विधायक डॉ. विश्वनाथ, संभागीय आयुक्त विश्राम मीणा, शहर भाजपा अध्यक्ष सुमन छाजेड़ और देहात भाजपा अध्यक्ष श्याम पंचारिया ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। महोत्सव में कुल 153 एकल प्रतिभागियों और 33 समूहों ने हिस्सा लिया। स्टेडियम में बीकानेरवासी, विद्यार्थी और बड़ी संख्या में महिलाएं व युवतियां मौजूद रहीं। पूरा स्टेडियम घूमर की लय में झूमता दिखाई दिया। मंच संचालन ज्योति रंगा, गोपाल जोशी, मोनिका गौड़ और नीतू आचार्य ने संभाला।

28 दिसंबर को रवाना होगी वैष्णो देवी यात्रा

घड़साना। जय मां वैष्णो देवी चैरिटेबल ट्रस्ट की 10वीं यात्रा 28 दिसंबर 2025 को घड़साना से वैष्णो देवी (कटरा) के लिए रवाना होगी। इस संबंध में हाल ही में बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें यात्रा की तैयारियों पर चर्चा हुई। ट्रस्ट के अध्यक्ष मुकेश सोनी ने बताया कि यात्रा के लिए प्रति सीट किराया 3500 रुपए निर्धारित किया गया है। यात्रा के दिन 28 दिसंबर को दोपहर 12 बजे मुख्य बाजार से एक शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद बस वैष्णो देवी के लिए प्रस्थान करेगी।

बैठक में ट्रस्ट परिवार के सभी सदस्य मौजूद रहे। इसमें यात्रा से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। अध्यक्ष मुकेश सोनी ने सभी सदस्यों से यात्रा को सफल बनाने में सहयोग करने की अपील की।

नाम परिवर्तन

मनके राम प्रकाश बिश्नोई पुत्र रतिराम ज्याणी, उम्र 38वर्ष निवासी श्री विश्लेश्वर स्कूल वाली गली राजकीय विद्यालय के पास पंचायती बास रासीसर, नोखा, बीकानेर का हूँ:-

1.मेरे पुत्र आदित्या बिश्नोई (जन्मतिथि:03.02.2011)वर्तमान में फ्लोरिश ग्लोबल स्कूल, विराट नगर, उदासर रोड़, बीकानेर में कक्षा 8 का छात्र है।

2.मेरे पुत्र आदित्या बिश्नोई (Aaditya Bishnoi) का नाम विद्यालय रिकार्ड में आदित्य (Aditya) अंकित है व पिता का नाम रामप्रकाश एवं माता का नाम संतोष अंकित है, परन्तु सही नाम आधार कार्ड अनुसार आदित्या बिश्नोई (Aaditya Bishnoi) पिता नाम:रामप्रकाश बिश्नोई (Ram prakash Bishnoi)माता का नाम: संतोष ज्याणी (Santosh Jyani)है, सूचित रहे।

रामप्रकाश बिश्नोई

दुधारू पशुओं में खुरपका-मुंहपका रोग फैल रहा

लूणकरणसर(निसं)। यहा तहसील में दुधारू पशुओं में खुरपका-मुंहपका रोग तेजी से फैल रहा है। यह सूक्ष्म विषाणु (वायरस) जनित बीमारी गाय, भैंस, भेड़ और ऊंट जैसे पशुओं को अपनी चपेट में ले रही है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में पशुधन के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। पशुपालन विभाग ने इस बीमारी के प्रसार को रोकने के लिए गांवों में टीकाकरण अभियान शुरू कर दिया है। विभाग के अनुसार, 38 ग्राम पंचायतों में चलाए गए इस अभियान के तहत 62,700 से अधिक पशुओं का टीकाकरण किया जा चुका है। हालांकि, जमीनी स्तर पर अभी और अधिक प्रयास की आवश्यकता बताई जा रही है। कार्यवाहक ब्लॉक पशु चिकित्साधिकारी लखन पाल झाझडिया ने बताया कि लूणकरणसर क्षेत्र में इस बीमारी का प्रकोप स्थानीय स्तर पर अधिक नहीं है। उनके अनुसार, यह रोग मुख्य रूप से पंजाब-हरियाणा जैसे बाहरी राज्यों से आने वाले पशुओं में पाया जा रहा है। पशुपालकों की सूचना पर विभाग द्वारा तत्काल टीकाकरण किया जा रहा है।

कृषि अनुसंधान केंद्र के बाहर स्कूली बच्चों का प्रदर्शन

श्रीगंगानगर(निसं)। यहा 1-ई छोटी स्थित सतगुरु कॉलोनी के 150 स्कूली बच्चे अर्धवार्षिक परीक्षा देने कृषि अनुसंधान केंद्र पहुंचे तो केंद्र के अधिकारियों ने गेट को ताला जड़ दिया। जिसके बाद आधे बच्चे अंदर रह गए और आधे बाहर सड़क पर खड़े रोते रहे। बच्चों की परीक्षा नहीं हो पाई।

गुस्साए ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने केंद्र के बाहर धरना शुरू कर दिया। हंगामा बढ़ता देख जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने आनन-फानन में 7 दिन की ऑप्शनल व्यवस्था कर दी। जिसके बाद अब ये बच्चे पुलिस लाइन में पढ़ेंगे और आने-जाने के लिए तीन बसें लगाई गई हैं। दरअसल, 1 ई छोटी की सतगुरु कॉलोनी में स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक स्कूल का भवन जर्जर हो चुका है और कभी भी ढह सकता है।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- भूवि./2025-26/ **उजरदायरी** दिनांक : 27.10.2025

नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर की कुंज विहार योजना में निलामी द्वारा आवंटित भूखण्ड संख्या जी-25 माप 25'-0'' गुणा 49'-0'' फीट को श्री बलजीत सिंह पुत्र श्री महेन्द्र सिंह को आवंटित किया जाकर दिनांक 20.08.1999 को पट्टा जारी किया गया। श्री बलजीत सिंह पुत्र श्री महेन्द्र सिंह द्वारा पंजीकृत बैयनामा से श्री राकेश पुरी पुत्र श्री सीता राम पुरी को दिनांक 08.05.2003 को विक्रय कर दिया गया। श्री राकेश पुरी पुत्र श्री सीता राम पुरी की मृत्यु दिनांक 25.07.2010 को हो चुकी है, जिनके वारिस प्रमाण-पत्र के अनुसार दो वारिस दर्शाए गए हैं। 1. श्रीमती सुरेश रानी पत्नी स्व. श्री राकेश पुरी 2. श्री मोहित पुरी पुत्र स्व. श्री राकेश पुरी। आवेदिका श्रीमती सुरेश रानी पत्नी स्व. श्री राकेश पुरी एवं श्री मोहित पुरी पुत्र स्व. श्री राकेश पुरी निवासी मकान नं. जी-25, नजदीक बी.एस.एन.एल. ऑफीस, कुंज विहार, श्रीगंगानगर द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र, वारिस प्रमाण पत्र, पंजीकृत दस्तावेजों की प्रति प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड का अपने नाम से नामान्तरण करवाने हेतु निवेदन किया है। यह उजरदायरी साया करते हुए हर आम व खास, हितबद्ध को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के वारिसान / वसीयत के संबंध में किसी को कोई एतराज हो तो उजरदायरी प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस में मय सबुत न्यास कार्यालय में प्रस्तुत करें। समयावधि व्यतीत होने के बाद कोई उजर मान्य नहीं होगा एवं न्यास कार्यालय द्वारा नियमानुसार कार्यवाही कर उक्त भूखण्ड का नामान्तरण श्रीमती सुरेश रानी पत्नी स्व. श्री राकेश पुरी एवं श्री मोहित पुरी पुत्र स्व. श्री राकेश पुरी निवासी मकान नं. जी-25, नजदीक बी. एस.एन.एल. ऑफीस, कुंज विहार, श्रीगंगानगर के नाम से कर दिया जावेगा। Rajkaj Ref. No. 18449637 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

भेड़ एवं बकरी पालन में वैज्ञानिक प्रबंधन के जरिए रोजगार देने वाले बनें किसान-पशुपालक: डॉ. गर्ग

■ वैज्ञानिक भेड़ एवं बकरी पालन के माध्यम से उद्यमिता विकास प्रशिक्षण आयोजित

■ 8 राज्यों के 41 पशुपालकों ने निभाई भागीदारी

बीकानेर(निसं)। वैज्ञानिक तरीकों से भेड़ एवं बकरी पालन के माध्यम से उद्यमिता विकास के गुर सिखाने के लिए 41 किसानों तथा पशुपालकों को स्वामी गोविंदानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय में प्रशिक्षण दिया गया। कृषि विज्ञान केंद्र बीकानेर तथा कृषि महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस सात दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान किसानों और पशुपालकों को भेड़ एवं बकरी पालन के वैज्ञानिक तरीके, पोषण, प्रबंधन , नियमित टीकाकरण के बारे में विस्तार से बताया गया। वहीं उद्यमिता व स्वरोजगार की दिशा में प्रेरित करने हेतु विभिन्न फर्मों का भ्रमण, हैण्डस आन ट्रेनिंग, विभिन्न सरकारी योजनाओं, बैंक ऋण प्रकिया की विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण का समापन गुरुवार को विश्वविद्यालय के एचआरडी सभागार में हुआ। समारोह में कुलगुरु डॉ अखिल रंजन गर्ग ने कहा कि किसानों और पशुपालकों को आय बढ़ाने के लिए समन्वित कृषि की तरफ जाना होगा। खेती के साथ वैज्ञानिक तरीकों से पशुपालन अपना कर किसान न केवल अपना जीवन स्तर सुधार सकता है बल्कि उद्यमिता विकास के माध्यम से वह अन्य लोगों को रोजगार के अवसर भी उपलब्ध करवा सकता है।

उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक प्रबंधन करते हुए भेड़ एवं बकरी पालन की देश-भर में असीमित संभावनाएं हैं। इन संभावनाओं को साकार रूप देने के लिए पशुपालक प्रशिक्षण लें तथा यहां प्राप्त जानकारी को अपने जीवन में अपनाते हुए उद्यमी बनें । उन्होंने कहा कि खेती के साथ-साथ पशुपालन में तकनीक हस्तांतरण वर्तमान की महती आवश्यकता है। पशुपालक वैज्ञानिक तौर तरीके अपनाकर निश्चित तौर पर लाभान्वित हो सकेंगे।

कुलगुरु ने कहा कि सहकारिता के माध्यम से मिलकर काम करते हुए आय संवर्धन की दिशा में बेहतरीन परिणाम प्राप्त किए गए हैं। किसान इस मॉडल को अपनाएं। प्रशिक्षण से सीखे ज्ञान का उपयोग कर अपना उद्यम स्थापित करें और अन्य लोगों को रोजगार देने वाले बनें।

इस अवसर पर तेलंगाना, उत्तरप्रदेश, गुजरात, हरियाणा, राजस्थान सहित अन्य राज्यों के किसानों ने भी प्रशिक्षण लिया एवं अपने अनुभव साझा किए। प्रसार शिक्षा निदेशक डॉ दीपाली धवन ने स्वागत उद्बोधन दिया।

उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा किसानों के हित में गत 10 महीने में इस विषय पर छह प्रशिक्षण आयोजित किए गए हैं। उन्होंने किसानों को प्रशिक्षण से प्राप्त जानकारी अपने आसपास के लोगों के साथ साझा करने की अपील की। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ पी के यादव ने प्रशिक्षण की विस्तार से जानकारी दी।

निदेशक अनुसंधान डॉ एच एल देशवाल ने कहा कि पशुपालन को लाभप्रद बनाने में वैज्ञानिक प्रबंधन सबसे बड़ी आवश्यकता है। डॉ कुलदीप प्रकाश शिंदे ने आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रभारी डॉ. शंकरलाल ने बताया कि सात दिवसीय प्रशिक्षण में किसानों को विश्वविद्यालय स्थित समन्वित कृषि प्रणाली इकाई में सिरोही बकरी पालन, केंद्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान बीकानेर के मगरा, चोकला, मारवाडी भेड़ों की नस्लों के फर्मों, राजूवास बीकानेर के विभिन्न फर्मों का भ्रमण करवाया गया। इस दौरान विभिन्न नस्लों से परिचित करवाते हुए वैज्ञानिक पोषण प्रबंधन की जानकारी दी गई।

इस दौरान उपनिदेशक प्रसार शिक्षा डॉ राजेश वर्मा, डॉ सीमा त्यागी सहित अन्य डीन डायरेक्टर्स और किसान पशुपालक उपस्थित रहे।

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक :- नियमन/2025 Rajkaj Ref No. 4506 दिनांक :- 20.11.2025

सार्वजनिक आपत्ति सूचना

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं. 71 के किला नं. 12,13,18,19 में भूखण्ड संख्या का माप 21'-3" गुणा 48'-6" फीट के नियमन/पट्टा हेतु आवेदक श्रीमती रेखा देवी पत्नी श्री मोहन महतो निवासी 15 ब्रह्म कॉलोनी, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबुत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्रीमती रेखा देवी पत्नी श्री मोहन महतो निवासी 15 ब्रह्म कॉलोनी, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं. 71 के किला नं. 12,13,18,19 में भूखण्ड संख्या का माप 21'-3" गुणा 48'-6" फीट का नियमन/पट्टा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/पट्टा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पट्टा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

क्रमांक- LU2012/SGN/2025-26/101457 **लोक सूचना** दिनांक- 20.11.2025

श्रीमती गुंजन अरोड़ा पत्नी श्री अमित कुमार निवासी 31 थर्ड ब्लॉक, वार्ड नं. 16, ग्रीन पार्क, उदाराम चौक, पुरानी आबादी, श्रीगंगानगर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का आवासीय प्रयोजनार्थ के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् -

क्र. सं.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं./भूमि का विवरण	क्षेत्रफल (हैक्टेयर)
1.	चक 4 ई छोटी तहसील व जिला श्रीगंगानगर	श्रीमती गुंजन अरोड़ा पत्नी श्री अमित कुमार	चक 4 ई छोटी मुरब्बा नं. 39 के किला नं. 1/1 में 0.0660 हैक्टे. किला नं. 2/2 में 0.0300 हैक्टे. किला नं. 9/1 में 0.1010 हैक्टे. किला नं. 10/4 में 0.0510 हैक्टे. यथाकुल 0.2480 हैक्टेयर	कुल 0.2480 हैक्टेयर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर एसएमओ आईडी से लॉग इन कर **90-A For Development Authority (UDH)** आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज ..... को जारी की गयी। - प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2025/4502 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 18.11.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अरिन्द्र पाल सिंह पुत्र श्री जसपाल सिंह एवं इन्द्रजीत कौर पत्नी श्री अरिन्द्र पाल सिंह निवासी म.नं. 14 गली नं. 11, नजदीक मिनी स्पोर्टस स्कूल, सेतिया कॉलोनी, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण
भूखण्ड का विवरण	मूल भूखण्डधारी	दस्तावेज का विवरण
चक 3 ए छोटी मुरब्बा नं. 02 किला नं. 24 में माप 30 इंटू 60 फीट भू.सं. एन-09 श्रीगंगानगर	उक्त भूखंड का नियमन पट्टा सं. 8714 दिनांक 02.08.2018 को श्री बलदेव सिंह पुत्र श्री बसन्त सिंह के नाम से जारी किया हुआ है।	श्री अरिन्द्र पाल सिंह व इन्द्रजीत कौर द्वारा उक्त पंजीकृत बैयनामा दिनांक 22.10.2021 की प्रति प्रस्तुत कर उक्त भूखंड के नामान्तरण हेतु न्यास में ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया है।

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्री अरिन्द्र पाल सिंह पुत्र श्री जसपाल सिंह एवं इन्द्रजीत कौर पत्नी श्री अरिन्द्र पाल सिंह निवासी म.नं. 14 गली नं. 11, नजदीक मिनी स्पोर्टस स्कूल, सेतिया कॉलोनी, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज/फ्री लीज होल्ड पट्टे के संबंध